आकाशवाणी केन्द्र शिमला
12.04.2025/प्रादेशिक समाचार/09.20 बजे

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि राज्य सरकार ने प्रदेश में 24 सौ करोड़ रुपये की लागत से नए पर्यटन स्थल विकसित करने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि इसके पहले चरण में वेलनेस सैंटर स्थापित किए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि तीन से 7 सितारा श्रेणी के 200 होटल विकसित करने के लिए निजी क्षेत्र को प्रोत्साहित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार धार्मिक और इको पर्यटन को भी बढ़ावा दे रही है और श्री नैना देवी जी मंदिर में विभिन्न सुविधाए उपलब्ध करवाने के लिए सौ करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

जयराम

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने प्रदेश सरकार पर हर मोर्चे पर विफल रहने का आरोप लगाया है। चम्बा में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि प्रदेश में विकास कार्य ठप्प है और कर्मचारियों व पैंशनरों को वेतन देने क लिए सरकार के पास पैसे नहीं है। जयराम ठाकुर ने कहा कि चम्बा जिला के विकास के लिए केंद्र सरकार द्वारा जारी धनराशि का राज्य सरकार सदुपयोग नहीं कर पा रही है।

चन्द्रकुमार

कृषि मंत्री चन्द्र कुमार ने धर्मशाला उपमंडल के ढगवार में निर्माणाधीन मिल्क प्रोसेसिंग प्लांट का कल निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को इस प्लांट के निर्माण कार्य को तत्परता के साथ पूरा करने के निर्देश दिए। चन्द्र कुमार ने कहा कि इस संयत्र के क्रियाशील होने के बाद कांगड़ा सहित अन्य जिलों के लगभग 35 हजार से अधिक दुग्ध उत्पादक लाभान्वित होंगे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा दूध की दरों में वृद्धि के बाद मिल्कफैड की दैनिक दूध खरीद क्षमता एक लाख 40 हजार लीटर से बढ़कर 2 लाख 10 हजार लीटर हो गई है।

हनुमान जयंती

आज हनुमान जयंती है। देश सहित प्रदेशभर में हनुमान जयंती धार्मिक उत्साह के साथ मनाई जा रही है। प्रदेश के विभिन्न हनुमान मंदिरों में सुबह से ही भक्तों की भीड़ उमड़ रही है। मंदिरों में हनुमान चालीसा, सुंदर कांड और अखंड रामायण का पाठ किया जा रहा है।

इधर शिमला के जाखू स्थित प्रसिद्ध हनुमान मंदिर में भी भक्तों की लम्बी–लम्बी कतारें लगी हुई हैं और हनुमान जी की पूजा अर्चना की जा रही है।

पुल

कुल्लू–बंजार–आनी राष्ट्रीय राजमार्ग तीन सौ 5 पर बंजार के समीप मंगलौर पुल के टुटने से यह सड़क पूरी तरह बंद हो गई है। हमारे कुल्लू जिला संवाददाता ने बताया कि सड़क के दोनों ओर वाहनों की लम्बी कतारें लग गई है और लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश भागों में आज बादल छाएं है। हालांकि किन्नौर जिला के छितकुल में हल्की बर्फबारी जबकि जिले के कुछ अन्य भागों में हल्की वर्षा होने का भी समाचार है। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों के दौरान अनेक स्थानों पर गरज के साथ वर्षा व ओलावृष्टि की संभावना जताई है।

अब सुर्खियां समाचार पत्रों से.........................

आज समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है। अमर उजाला ने हाईकोर्ट के हवाले से लिखा है–धर्मशाला में सीयू कैंपस पर 10 साल से हो रही सिर्फ राजनीति। इसी अख़बार की एक अन्य ख़बर है–पावर कॉरपोरेशन में वित्तीय लेन–देन की विजिलेंस जांच कराने की तैयारी। दैनिक जागरण के अनुसार–विमल नेगी मौत मामले में आज सुक्खू को रिपोर्ट सौंपेगे कंवर।

अब सौ से कम छात्रों वाले 21 कॉलेज होंगे बंद–इनमें जीरो ऐनरोलमेंट वाले 7 शीर्षक से दैनिक भास्कर लिखता है–शिक्षा विभाग ने चार सलैब तैयार कर प्रस्ताव सरकारी मंजूरी के लिए भेजा। मौसम संबंधी ख़बर पर पंजाब केसरी और दिव्य हिमाचल का लगभग एक जैसा शीर्षक है–लाहौल–स्पीति में बर्फबारी, शिमला सहित कई जिलों में ओलावृष्टि व बारिश।